छत्तीसगढ़ की आवाज़, जनता की बात

साप्ताहिक समाचार पत्र

हमर प्रदेश छत्तीसगढ़ न्यूज़

www.hamarpradeshcg.com

छत्तीसगढ़ का तेज़ी से बढ़ता हुआ न्यूज़ नेटवर्क

वर्ष : 1 | अंक : 1 | दिनांक : 01 नवम्बर 2026, रविवार | मूल्य : ₹5/-

अमेरिका तक पहुंचा छत्तीसगढ़ के वनांचलों का औषधीय ज्ञान

दुगली के पारंपरिक वैद्यों से मिले विदेशी अतिथि...

आगोरा इकोटूरिज्म के तहत बस्तर, धमतरी और कबीरधाम के आदिवासी समुदायों से संवाद

धमतरी/दुगली। छत्तीसगढ़ के वनांचलों में पीढ़ियों से संरक्षित पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और औषधीय वनस्पतियों का ज्ञान अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है। इसी ज्ञान को करीब से समझने अमेरिका से चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े दो अतिथि छत्तीसगढ़ पहुंचे। आगोरा इकोटूरिज्म द्वारा आयोजित विशेष यात्रा के दौरान उन्होंने दुगली के पारंपरिक वैद्यों से मुलाकात की।



छत्तीसगढ़ की औषधीय परंपरा से प्रभावित हुए विदेशी अतिथि

हर्बल स्टेट छत्तीसगढ़ की वन संपदा अनमोल

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ हर्बल स्टेट है। यहां के पारंपरिक वैद्यों और आदिवासी समुदायों ने औषधीय वनस्पतियों से जुड़ा ज्ञान पीढ़ियों से संरक्षित रखा है।

मुंगेली के खुड़िया वन परिक्षेत्र में बाघिन की गश्त

चीतल के शिकार के अवशेष मिलने से वन विभाग अलर्ट



- संवेदनशील क्षेत्रों में लगाए गए कैमरा ट्रैप
- ग्रामीणों से जंगल में न जाने की अपील
- 'घबराएं नहीं, सतर्क रहें'

मुंगेली। जिले के खुड़िया वन परिक्षेत्र के कारीडोंगरी परिसर में बाघिन के पगमार्क और चीतल के शिकार के अवशेष मिलने से वन विभाग सतर्क हो गया है। आस्पास के गांवों में मुनादी कर सावधानी बरतने की अपील की है.

पत्थलगांव नगर पालिका में CMO के खिलाफ अध्यक्ष-पार्षद एकजुट, हटाने की मांग



पत्थलगांव, जशपुर। नगर पालिका में प्रभारी CMO जावेंद खान की कार्यप्रणाली से नाराज अध्यक्ष संगीता सुदर्शन सिंह सहित अधिकांश पार्षदों ने मुख्यमंत्री से हटाने की मांग की है। नगर में सफाई और पेयजल की स्थिति पर सवाल उठाए गए हैं।

▶ विस्तृत खबर पेज-2 पर...

विकास कार्यों की अनदेखी से नाराज चार जिला पंचायत सदस्यों ने किया बहिष्कार



कांकेर। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का चार सदस्यों ने बहिष्कार किया। सांमित विकास निधि और DMF राशि में भेदभाव के आरोप लगाए गए हैं।

▶ पूरी खबर पेज-2 पर...

श्रमिक संगठनों की एकजुटता पर होगा मंथन, 1 नवंबर को कोरबा में अधिवेशन



कोरबा। भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक जिला अधिवेशन 1 नवंबर को जेआरसी क्लब में होगा। श्रमिक हित और संगटन मजबूती पर होगी चर्चा.

▶ पूरी खबर पेज-3 पर...

खास बातें...

- छत्तीसगढ़ की समृद्धि एवं विकास हमारी प्राथमिकता
- ग्रामीणों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी
- विकास, संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण जरुरी

आपकी आवाज, हमारा प्रयास